कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

www.nnindianews.com

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र

वर्ष :03, अंक :-289, पृष्ठ : 12 | मूल्य- 04.00 रुपये मात्र | सोमवार, 29 अप्रैल, 2024

CFPIA
CHAMBER OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES ASSOCIATION

## चैम्बर ऑफ फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज एसोसिएशन
### आगरा चैप्टर
### की नयी कार्यकारणी पदाधिकारियों को बहुत बहुत शुभकामनाएं बधाई

चैम्बर ऑफ़ फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का गठन भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को समृद्धि की दिशा में अग्रसर करने के लिए किया गया है। यह एसोसिएशन खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के उत्थान, विकास, और सुधार को प्रोत्साहित करने के लिए बनाया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य उद्यमियों को नए अवसर प्राप्त करने में मदद करना है, खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर में नियमों और निर्देशों की समीक्षा करना और संभावित उत्पीड़न को रोकना है। इसके साथ ही, सरकार और सम्बंधित संगठनों के साथ साझेदारी और संवाद को बढ़ावा देना है ताकि उद्यमियों को सही मार्गदर्शन और समर्थन मिल सके।

**जानकारी के लिए संपर्क करें : 9990611137 , 9319103160**

### Patron



श्री राकेश गर्ग – दर्जा राज्यमंत्री उ. प्र.
श्री पूरन डावर – अध्यक्ष एफमेक
श्री राजेश गोयल – अध्यक्ष एफ सी ए ओ आई
श्री टीएन अग्रवाल – अध्यक्ष आगरा व्यापार मंडल
श्री दिनेश राठौर – सलोनी ऑइल
श्री द्वारिका प्रसाद अग्रवाल – मरोहरलाल पूरन चंद दालमिल
श्री सुभाष चंद गोयल – पंछी पेठा
श्री विष्णु कुमार गोयल – मुंशी पन्ना मसाले
श्री राजकुमार भगत – भगत हलवाई

### PRESIDENT



**Rajesh Agarwal**
Brand Rasoi Ratan

### GENERAL SECRETARY



**Anuj Singhal**
Brand Nandani Salt

### Vice President



**Nitin Goyal** – Munshi Panna Masala Udyog Pvt. Ltd.
**Utkarsh Agarwal** – Agra Roller Flour Mill
**Tarun Agarwal** – Bholebaba Milk Food Ind.s Ltd.
**Ashish Garg** – BP Flour Mills Pvt. Ltd.

### Joint Secretary



**Shailesh Agarwal** – Jai Kapish Udyog
**Anshul Agarwal** – Manoharlal Puranchand Daal Mill
**Vivek Agarwal** – Ajanta Dairy Milk & Foods Pvt. Ltd.
**Siddharth Agarwal** – Shilpa Masale

### Advisory Board Member



Er. Umesh Sharma
Rahul Jain
CS Anuj Ashok
CA Nitesh Gupta
Abhinav Rastogi



**Rajesh Goyal** – Executive Member – Mana Caterers
**Vedpal Dhar** – Executive Member – My Kind of Place (MKOP)
**Rajesh Agarwal** – Executive Member – Pracheen Petha
**Atul Bansal** – Executive Member – Shri Girraj Industries Dal Mill
**Ashok Lalwani** – Executive Member – Kavita Dry Fruits
**Sandeep Rastogi** – Executive Member – Imperial Frozen Food Product
**Manish Agarwal** – Executive Member – Agarwal Crockery & Caters
**Mahaveer Prasad Mangal** – Executive Member – Mahaveer Agro Mills
**Abhishek Chaurasiya** – Executive Member – Guruji Masala
**Amit Agarwal** – Executive Member – Kailaa Agro Industries
**Magan Mittal** – Executive Member – Balaji Agro Food

# नृत्य के जरिए दिखाई यमुना की व्यथा

❍ अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर आयोजित किया गया कला संवाद

एनएनआई






**आगरा।** प्रतिष्ठित प्रमुख नृत्य अकादमी नृत्य ज्योति कथक केंद्र ने रविवार 28 अप्रैल को ब्रह्मा कुमारीज ईदगाह स्थित प्रभु मिलन केंद्र के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस कार्यक्रम में कला संवाद का आयोजन किया । यह नृत्य, संगीत, संवाद का एक मनमोहक उत्सव था। प्रदूषण चाहे मानसिक हो अथवा प्राकृतिक शास्त्रीय नृत्य विधा व संगीत परंपराओं को कैसे प्रभावित कर रहा है , इस पर सार्थक बातचीत हुई । केंद्र के प्रतिभाशाली कलाकारों ने शास्त्रीय नृत्य की श्रृंखला के साथ पर्यावरणीय मुद्दों को नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रदर्शित किया ।

कार्यक्रम के असाधारण क्षणों में से एक भारत की सबसे प्रतिष्ठित यमुना नदी की दुर्दशा पर केंद्रित एक मार्मिक प्रस्तुति थी। श्री विशाल झा ने शिव भजन तथा केंद्र के युवा कलाकारों आरना अग्रवाल, इनारा, दर्शना वशिष्ठ, पल्लवी कौशल, अव्या गुप्ता, अन्वी गोयल, वर्णिका मांगलिक, सुमन, काव्या, प्रियांशी अक्षधा ने हृदय स्पर्शी अभिव्यक्ति व कोरियोग्राफी के साथ नदी के संघर्ष का सार प्रस्तुत किया। इसी श्रृंखला में पर्यावरण विद् और वरिष्ठ पत्रकार बृज खंडेलवाल ने रिवर कनेक्ट अभियान के बारे में लोगों को बताया और जल प्रदूषण से नदी को बचाने के लिए, उन्हें जागरूक होने के लिए प्रेरित किया।

बीके अश्विना दीदी ने प्रकृति और संस्कृति के संरक्षण की बात कही। नृत्य ज्योति कथक केंद्र की संस्थापक व निदेशक ज्योति खंडेलवाल ने पर्यावरणीय मुद्दों से निपटने के लिए नृत्य की शक्ति का उपयोग करने के प्रति अपना उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने सांगीतिक मुद्दों पर बातचीत को बढ़ावा देने व समाज में सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करने के लिए कलात्मक अभिव्यक्ति की बात की। कला संवाद के जरिए प्रदूषण हमारी सांस्कृतिक विरासत व प्राकृतिक परिवेश को कैसे प्रभावित कर रहा है इस पर रंगमंच की विधाओं के विशेषज्ञ जिसमें बी के अश्विना बहन, प्रोफेसर लवली शर्मा, बीके अमर भाई, अनिल शुक्ला भगत, सूरज तिवारी, डॉ महेश धाकड़, सुश्री श्रुति सिन्हा ने अपने विचार रखें।

संवाद में प्रदर्शन के समय परंपरा व नवाचार का मिश्रण जो आधुनिक युग में शास्त्रीय नृत्य रूपों और नई परंपराओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर एक नया दृष्टिकोण को प्रकट करता है ,पुरानी तकनीक के साथ समसामयिक तत्वों का मिश्रण ,दर्शकों के लिए गतिशीलता ,पर्यावरण खतरे के सामने हमारी कलात्मक विरासत को संरक्षित रखने के महत्व पर एक चिंतनशील सफल प्रयास रहा। इस कार्यक्रम में सभी विशेषज्ञों और कलाकारों ने एक अमिट छाप छोड़ी। मंच संचालन केंद्र के ही कलाकार मंजरी शर्मा व नव्या अग्निहोत्री ने किया। सभी अतिथियों, कलाकारों और विशेषज्ञों का धन्यवाद बीके अमर ने किया। इस कार्यक्रम में डा. मीरा खंडेलवाल, डॉ आनंद राय, पद्मिनी अय्यर, डा.रीता निगम, मृदुल कुलश्रेष्ठ, डॉ कौशल, प्रदीप श्रीवास्तव, संजय विश्वकर्मा, रानी खण्डेलवाल, टोनी फास्टर, दीपक राजपूत, चतुर्भुज तिवारी, राहुल राज की गरिमामई उपस्थिति रही।

## सता रही चुभती-जलती गर्मी, तीन दिन चलेगी लू

**आगरा एनएनआई।** सूरज के तल्ख तेवरों से परेशान लोगों की परेशानी अब लू बढ़ाएगी। मौसम विभाग ने रविवार से मंगलवार तक लू चलने का पूर्वानुमान जताया है। अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जाएगी। शनिवार को अधिकतम तापमान में गिरावट और न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। आगरा में अधिकतम तापमान बढ़कर 43.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। शुक्रवार सीजन का सबसे गरम दिन रहा था। सोमवार सुबह नौ बजे से ही सूरज के तेवर तल्ख नजर आए। दिन चढ़ने के साथ सूरज के तेवर और तीखे होते चले गए। लू लगने से बच्चों से लेकर युवाओं को उल्टी दस्त की समस्या हो रही है। सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। इलेक्ट्रोलाइट की कमी से पेट दर्द की समस्या बढ़ रही है। एसएन मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्रों के साथ ही निजी अस्पतालों और क्लीनिक पर उल्टी दस्त, सिर दर्द, बेचैनी और घबराहट से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।



आगरा में सामाजिक संस्था संवेदना द्वारा संचालित विद्यालय में बालाजी प्रॉपर्टी आर्केड के चेयरमैन रिंकेश अग्रवाल द्वारा छात्रों छात्रों को स्कूल बैग और पुस्तकों का वितरण किया गया। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## श्रीराधारानी संत समाज संगठन ने राधामोहन दास को महंत पद से हटाया

एनएनआई

❍ संस्था के खिलाफ कर रहे थे काम, नोटिस का नहीं दिया जवाब

**मथुरा (बरसाना)।** श्री राधारानी संत समाज संगठन मंडल की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अध्यक्ष कृष्ण गोपालदास ने अवगत कराया कि श्री राधारानी संत समाज संगठन मंडल बरसाना जिला मथुरा की एक बैठक आयोजित की गई,जिसमें राधा मोहन दास शिष्य चन्द्रशेखर दास महाराज श्रीमहल वृंदावन भजन कुटीर बरसाना को 10 अप्रैल को दिये गये नोटिस पर विचार किया गया। जिसमें उनके द्वारा अभी तक कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं दिया गया। उनके व्यवहार से प्रतीत होता है कि वह श्री महल वृंदावन भजन कुटीर बरसाना के हित में कार्य नहीं कर रहे हैं। जिस कारण से श्रीराधारानी संत समाज संगठन मंडल बरसाना ने सर्वसम्मति से निर्णय लियाहै कि राधा मोहन दास शिष्य श्री चन्द्रशेखर दास श्रीमहल वृंदावन भजन कुटीर बरसाना को महंत पद से तुरंत हटाया जाता है।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**


RNI Title Code no UPHIN49797

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**



कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

03

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र

सोमवार, 29 अप्रैल, 2024 www.nnindianews.com

## अमित शाह के फर्जी वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का छेड़छाड़ वाला वीडियो पोस्ट करने वाले लोगों के खिलाफ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एफआईआर दर्ज की है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर आरक्षण के मुद्दों के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण के एक छेड़छाड़ किए गए वीडियो के प्रसार के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की है। जानकारी के अनुसार मंत्रालय ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। देश भर में ऐसे एक्स हैंडल चलाने वाले स्पेशल सेल के रडार पर हैं और इस सिलसिले में जल्द गिरफ्तारी की संभावना है। वीडियो डिलीट करने वाले भी जांच एजेंसियों के रडार पर हैं।

### कार्टून कोना




## पिकअप और ट्रक की भीषण टक्कर
# नौ लोगों की मौत

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। एक पिकअप वाहन और ट्रक की टक्कर हो गई। दर्दनाक हादसे में पांच महिलाओं और तीन बच्चों समेत नौ की मौत हो गई। जबकि 23 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोमवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। हादसे पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुख जताया है। वहीं दूसरी घटना स्थल पर आज सुबह दुर्ग आईजी, दुर्ग संभाग कमिश्नर, बेमेतरा एसपी व कलेक्टर ने निरीक्षण किया है।

सीएम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है कि बेमेतरा-सिमगा सीमा क्षेत्र के पास कठिया गांव में हुई सड़क दुर्घटना में बेमेतरा के पथर्रा गांव के 9 लोगों के निधन एवं 20 लोगों के घायल होने की दुःखद सूचना प्राप्त हुई है। घायलों के बेहतर इलाज के आवश्यक निर्देश जिला प्रशासन को दिए गए हैं। मृतकों के परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। तीन शव का पीएम बेमेतरा जिला अस्पताल में, चार शव का पीएम सिमगा के सरकारी अस्पताल में, एक शव का पीएम रायपुर में हो रहा है। बेमेतरा व सिमगा में पीएम हो गया है। आज सभी शवों का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम पथर्रा जिला में किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, हादसा बेमेतरा थाना इलाके के कठिया गांव में पेट्रोल पंप के पास हुआ। बताया जा रहा है कि सड़क के किनारे खड़े ट्रक में पिकअप वाहन टकराने से दर्दनाक हादसा हुआ है।



### सोनमर्ग में कार सिंध नदी में गिरा, चार की मौत

मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के सोनमर्ग इलाके में नौ पर्यटकों को ले जा रहा एक वाहन (जेके13बी- 8950) सिंध नदी में गिर गया। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि स्थानीय चालक समेत तीन लोगों को बचा लिया गया है। हालांकि दो पर्यटक अभी लापता हैं। इलाके में भारी बारिश के कारण बचाव कार्य को सोमवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

## अब इंदौर के कांग्रेस प्रत्याशी ने छोड़ा मैदान

**इंदौर।** लोकसभा चुनाव के दो चरण खत्म होने के बाद मध्य प्रदेश में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के गृह नगर इंदौर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अक्षय बम ने नाम वापस ले लिया है। यानी, वे चुनावी मैदान से बाहर चले गए हैं, इससे यहां भाजपा की जीत का रास्ता साफ माना जा रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम सोमवार को भाजपा विधायक रमेश मेंदोला के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और अपना नाम वापस ले लिया। ऐसे में अब इंदौर में भाजपा उम्मीदवार शंकर लालवानी के सामने कोई बड़ी चुनौती नहीं है। इससे पहले हुए विधानसभा चुनाव में अक्षय ने चार नंबर सीट से टिकट मांगा था। लेकिन, कांग्रेस ने तब उन्हें टिकट नहीं दिया था। लोकसभा चुनाव में उन्हें कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी बनाया था। कांग्रेस प्रत्याक्षी अक्षय बम सोमवार सुबह कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। उनके साथ भाजपा विधायक रमेश मेंदोला और एमआईसी मेंबर जीतू यादव थे। अक्षय ने नाम वापस लिया और फिर मेंदोला के साथ कार्यालय के बाहर निकल गए। कुछ देर बाद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने फेसबुक पर अक्षय के साथ फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि अक्षय का भाजपा में स्वागत है। वे अक्षय को लेकर सीधे भाजपा कार्यालय पहुंचे।



कैलाश ने कार में साथ बैठाया, भाजपा में किया स्वागत



# सत्ता पर सवाल उठाएंगे अखिलेश

## जीआईसी मैदान पर दोपहर बाद करेंगे कर्दम के समर्थन में जनसभा

एनएनआई

**आगरा।** सात मई को मतदान है। सभी दलों ने चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। आगरा सुरक्षित और फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट पर प्रत्याशी जनसभाएं और रोड शो कर रहे हैं। आज दोपहर बाद सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जीआईसी ग्राउंड में गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा करने जा रहे हैं।

अखिलेश दोपहर में तीन बजे आगरा पहुंचेंगे। वह यहां आगरा सुरक्षित सीट से सपा प्रत्याशी सुरेश चन्द्र कर्दम के लिए 45 मिनट तक जनसभा को संबोधित करेंगे। उसके बाद हेलीकॉप्टर से खेरिया एयरपोर्ट जाएंगे। जहां से विशेष विमान से वे अमौसी के लिए रवाना होंगे।

अखिलेश यादव इससे पहले राहुल गांधी के साथ आगरा में हुई न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। आगरा सुरक्षित लोकसभा सीट की एत्मादपुर विधानसभा, फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट की बाह, फतेहाबाद, फतेहपुर सीकरी, आगरा ग्रामीण विधानसभा से लोगों को लाने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभा स्थल पर ही हेलीपैड और पार्किंग की व्यवस्था की गई है। अखिलेश यादव विशेष हेलीकॉप्टर से सीधे सभा स्थल पर ही पहुंचेंगे।

### हाथ छोड़ हाथी सवार नेता अब चलाएगा साइकिल

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सभा में आज एक कद्दावर नेता साइकिल पर सवार होंगे। कभी खट्टर कांग्रेसी रहा यह अल्पसंख्यक नेता हाथ छोड़कर हाथी पर सवार हो गया था और नीले झंडे तले विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुका है। आज यह नेता अखिलेश यादव के समक्ष साइकिल पर सवार होगा। इसको लेकर कयास लगाए जा रहे हैं कि आखिर वह नेता कौन है?

### तीन को प्रियंका, चार को मायावती आएंगी

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी का तीन मई को रोड शो प्रस्तावित है। प्रियंका गांधी गठबंधन प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार के साथ फतेहाबाद में रोड शो करेंगी। चार मई को मायावती की जनसभा आगरा में प्रस्तावित है।

### राजनाथ सिंह एक मई को बाह में करेंगे सभा

केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह एक मई को बाह में जनसभा करेंगे। वे दोपहर 3 बजकर 20 मिनट पर जरार मंडी ग्राउंड पर पहुंचेंगे। फतेहपुर सीकरी से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर के लिए जरार मंडी ग्राउंड पर करीब एक घंटे तक जनसभा को संबोधित करेंगे।




### मतदान के लिए किया जागरुक

आगरा। मॉर्निंग वॉक पर सुबह टहलने आने वाले लोगों को मतदान के लिए जागरुक किया गया। सात मई को जलपान से पहले मतदान करने को प्रेरित किया गया। मतदान के स्लोगन लिखे पोस्टर लेकर सभी से हर हाल में वोट करने की अपील की गई। इस दौरान चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अतुल गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, पर्यावरणविद केसी जैन, मनोज गुप्ता, अम्बिका प्रसाद, नीतेश अग्रवाल, राजकुमार भगत, सामाजी और सुभाषजी आदि उपस्थित रहे।

# अवैध हॉकर और वेंडरों में मचा हड़कम्प

## आगरा कैंट और आगरा फोर्ट में रेलवे के अभियान में पकड़े 46 अवैध वैंडर्स



(एनएनआई)

**आगरा।** रेलवे द्वारा अवैध वैंडरों और हॉकर्स के खिलाफ आगरा कैंट और आगरा फोर्ट स्टेशन पर अभियान चलाया गया। मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमित आनंद के निर्देशन में अनाधिकृत हॉकर और वेंडरों के खिलाफ चलाए अभियान में आगरा कैंट पर 37 अनाधिकृत वेंडर्स और आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन पर 9 अवैध वेंडर्स को पकड़कर रेलवे सुरक्षा बल के सुपुर्द किया गया। रेलवे स्टेशन के अलावा चलती ट्रेनों में भी अवैध वेंडरों के खिलाफ स्पेशल ड्राइव चलाई जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य खराब गुणवता की खाद्य सामग्री, ओवर चार्जिंग पर रोक लगाना है। खासकर लंबी दूरी की ट्रेनों में पैंट्री कार की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन स्थानीय वेंडर उन ट्रेनों में अवैध रूप से खाद्य सामग्री बेचते हैं।

जनसंपर्क अधिकारी कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि रेलयात्रियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर रेल प्रशासन द्वारा रेलवे स्टेशन पर कार्यरत फेरीवाले और अवैध वेंडरों के खिलाफ स्पेशल ड्राइव चलाई जा रही है। ताकि खराब गुणवता की खाद्य सामग्री, ओवर चार्जिंग पर रोक लगायी जा सके।

# सहेली को इमोशनल करने को रचा सुसाइड का नाटक



- सोशल मीडिया पर नींद की गोलियां खाने का वीडियो अपलोड होते ही पुलिस हुई सक्रिय
- युवती ने बताया सहेली से झगड़ा होने पर किया ऐसा, पुलिस ने चेतावनी देकर छोड़ा

(एनएनआई)

**आगरा।** नींद की गोलियां खाते हुए सुसाइड करने का वीडियो सोशल मीडिया पर एक युवती ने अपलोड किया है। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस युवती के घर पहुंच गई। युवती ने पुलिस को बताया कि उसका सहेली से झगड़ा हो गया था। सहेली को डराने के लिए उसने ऐसा वीडियो बनाया। पुलिस ने उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया। बीती रात को पुलिस को जानकारी मिली की शाहगंज के केदार नगर की लोकेशन पर एक युवती ने वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया है। इस वीडियो में वो नींद की गोलियां खाते हुए सुसाइड कर रही है। वीडियो में बाय एंड हैप्पी बर्थडे इन एडवांस, अब अपने आप को खत्म कर लूंगी, तुम खुश रहो।

बहुत मेडिसिन खा लीं फालतू की, बस आप खुश रहो लिखा हुआ था। वीडियो बनाने वाले की लोकेशन पर शाहगंज और जगदीशपुरा थाना पुलिस की संयुक्त टीम पहुंची। युवती और उसके घरवालों से बात की गई। युवती ने बताया कि उसका सहेली से झगड़ा हुआ था। वो परेशान थी। अपनी सहेली को भी इमोशनल करना चाहती थी। इसलिए ऐसा वीडियो बनाया। युवती ने बताया कि उसने नींद की नहीं बल्कि बुखार की गोलियां ली थीं। युवती के परिजनों को इसकी जानकारी ही नहीं थी। एसीपी मयंक तिवारी ने बताया कि साइबर सेल द्वारा वीडियो की जानकारी थानों को दी गई थी। इसके बाद तुरंत कार्यवाही की गई। युवती की काउंसलिंग की गई है। युवती ने कसम खाई कि वे भविष्य में इस तरह का मजाक कभी नहीं करेगी। यूपी पुलिस और इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म के बीच करार के चलते आत्महत्या से संबंधित किसी भी तरह की पोस्ट की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से पुलिस को मिलती है। पहले भी कई मामलों में पुलिस युवाओं को इस तरह के कदम उठाने से रोक चुकी है।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन


# दिव्यांश की परछाईं भी न छू पाई पुलिस

- घटना के 14 दिन बाद भी आरोपी की पकड़ से बाहर
- पंजाबी समाज में आक्रोश, आज बैठक में बनाएंगे रणनीति

(एनएनआई)

**आगरा।** जूता कारोबारी और उसकी बेटी को कार से कुचल कर जान लेने की कोशिश करने का आरोपी दिव्यांश चौधरी आज 14 वें दिन भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। पुलिस उसका सुराग तक नहीं लगा सकी है। वह पूर्व मंत्री चौधरी उदयभान सिंह का पौत्र है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस सिर्फ दबिश का नाटक कर रही है। आरोप है कि चुनाव तक टाइम पास किया जा रहा है। ऋषि मार्ग (शाहगंज) में 15 अप्रैल को युवती और उसके पिता को कार से कुचलने की कोशिश की गई थी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं कर सकी। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी का कहना है कि आरोपी का मोबाइल बंद है। रिश्तेदार और दोस्तों से पूछताछ की गई। वह कुछ भी नहीं बता पा रहे हैं। टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। गैर जमानती वारंट आरोपी के जारी हो गए हैं। 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया जा चुका है। अब उसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जा रही है।

### पंजाबी समाज आज बनाएगा रणनीति

पंजाबी समाज ने बैठक कर पुलिस पर पूर्व मंत्री के दबाव होने का आरोप लगाया है। आरोपी दिव्यांश की गिरफ्तारी के लिए 3 दिन का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन दिव्यांश गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। इस पर आज आर्य समाज मंदिर में पंजाबी समाज बैठक करेगा। पीड़िता के पिता ने बताया कि समाज के लोग आगे की रणनीति बनाएंगे।

- भाजपा सिर्फ मोदी-योगी भरोसे बैठी है तो विपक्ष का भी नहीं कहीं कोई शोर-शराबा
- सात मई को मतदान में अब सिर्फ बचे हैं नौ दिन शेष, नहीं पहुंचे वोट मांगने प्रत्याशी
- दिखावे के प्रचार से दूर रहकर प्रत्याशी जाति और वर्गों के वोट बैंक में लगा रहे सेंध

# बस्तियों में न झंडे पहुंचे न प्रचार

एनएनआई

**आगरा।** लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान से सिर्फ नौ दिन रह गए, लेकिन शहर से लेकर देहात तक कहीं भी चुनावी माहौल दिखाई नहीं दे रहा है। शहर में कहीं भी होर्डिंग, बैनर और झंडे, न ढोल-ताशे और न ही लाउडस्पीकर की कानफोडू आवाज में एनाउंसमेंट सुनाई दे रहा है। इसके बाद भी प्रचार जोर पकड़ता जा रहा है। कारण, सभी प्रत्याशियों ने दिखावे के प्रचार से दूरी बनाते हुए जाति और वर्गों के वोट बैंक में सेंध लगाने की रणनीति अपनाई है। लोकसभा चुनाव का बिगुल फुके हुए करीब सवा महीना बीत गया। चुनाव के दो चरण भी पूरे हो गए। आगरा सुरक्षित और फतेहपुरसीकरी लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। इसमें महज नौ दिन का ही समय शेष रह गया है, लेकिन शहर से लेकर देहात तक कहीं चुनावी माहौल नजर नहीं आ रहा। आलम यह है कि गली-मोहल्लों और बस्तियों में किसी पार्टी के झंडे-बैनर तक नहीं पहुंचे हैं। बहुत से लोगों को तो यही नहीं पता कि किस पार्टी से कौन प्रत्याशी चुनाव लड़ रहा है।

प्रत्याशी तो छोड़ो कार्यकर्ता तक बस्तियों में अभी तक सक्रिय नहीं हुए हैं। प्रत्याशी भी अभी तक गली-मोहल्लों में प्रचार करने नहीं पहुंचे हैं। यही वजह है कि लोगों का चुनाव में रुझान कम नजर आ रहा है।

# राम को नकारने वालों को आप भी नकार दें: योगी

## जलेसर के एमजीएम मैदान में विपक्ष पर जमकर बरसे मुख्यमंत्री कहा, देश से आतंकवाद-नक्सलवाद खत्म, अब विकास की लहर

एनएनआई

**आगरा/जलेसर।** एमजीएम इंटर कॉलेज जलेसर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जमकर गरजे। आगरा सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत दिलाने का आह्वान करते हुए सपा, कांग्रेस और बसपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहाकि सपा के शासन में सरकार माफिया चलाते थे। आज माफिया का सामना पुलिस से होते ही उसकी पेंट गीली हो जाती है। इससे पहले जलेसर आगमन पर भाजपा प्रत्याशी प्रो. बघेल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को गदा भेंटकर स्वागत किया गया। योगी ने कहाकि पांच सौ सालों के बाद अयोध्या में रामलला का आगमन हुआ। जलेसर के हस्तशिल्पी यहां का घंटा लेकर अयोध्या पहुंचे। रामलला अयोध्या में पुनः स्थापित हुए तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। उन्होंने कहाकि कांग्रेस सरकार में न तो जलेसर की सुध ली गई और न अयोध्या की। कांग्रेस के लोग तो राम को ही नकार रहे थे। समाजवादी पार्टी कहती थी कोई परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। राम को नकराने वालों को आप भी नकार दें। मुख्यमंत्री ने कहाकि आज भगवान राम अयोध्या में विराजमान हैं। कांग्रेस का घोषणा पत्र कहता है कि वह व्यक्तिगत कानून लागू करेंगे। इसका मतलब जनता के पैसे को अपने वोट बैंक में बांटने का कांग्रेस मकसद है। इस दौरान विधायक संजीव दिवाकर, विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी, विधायक विपिन वर्मा डेविड, एमएलसी आशीष यादव आशू, प्रत्येंद्र पाल सिंह पप्पू भैया, ममतेश शाक्य, कुबेर सिंह अगरिया, गौरी वर्मा, महेश पाल, शिखा गुप्ता ,भूदेवी, गंगाश्री, महेश पाल, हर्षवर्धन आर्य, संदीप जैन, मंजू यादव, सुनील टंडन, टीएन अग्रवाल, डॉ. यादवेंद्र शर्मा, अवनीश गुप्ता, रमेश पाल, अम्बरीष पाल, पवन सिंह ठाकुर, बीएल कुशवाह, गौरव राजावत, नवीन गौतम, रोहित कत्याल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।







### बदल रहा है देश और प्रदेश: प्रो. बघेल

जनसभा प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहाकि सपा सरकार में व्यापारी और बेटियां भी सुरक्षित नहीं थीं। आज देश के साथ उत्तर प्रदेश बदल रहा है। बहन बेटियां सुरक्षित हैं और व्यापारी, किसान, मजदूर और आम आदमी सुरक्षित है। प्रो. बघेल ने एक रात वह गुरुद्वारे के सामने हाइवे से गुजर रहे थे तो अर्धरात्रि में एक एक्टिवा पर गहने से लदी हुई महिला को परिवार के साथ जाते देखा। तब मुझे लगा अब उत्तर प्रदेश में राम राज्य है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को मान सम्मान और स्वाभिमान से जीवन जीने का बड़ा संकल्प लिया है। हर छोटे-बड़े किसान के खाते में किसान सम्मन निधि की धनराशि बिना किसी भेदभाव और भ्रष्टाचार के आ रही है।

### माफिया के मरने पर फातिहा पढ़ रहे सपाई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहाकि कल्याण सिंह का पूरा जीवन राम मंदिर के लिए समर्पित हुआ। वह दिवंगत हुए तो समाजवादी पार्टी ने संवेदना के एक शब्द भी नहीं कहे। दूसरी तरफ माफिया के मरने पर सपा के नेता फातिहा पढ़ने गए थे। इसलिए जनता ने तय किया है मोदी देश चलाएंगे और वह लोग फातिहा पढ़ेंगे। उनके लिए वही स्थान ठीक है। सीएम योगी ने जन समूह से एक बार फिर मोदी सरकार के नारे लगवाए।

### खूब लगे जय-जय श्री राम के नारे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहाकि जनता यूं ही नहीं एक बार फिर मोदी सरकार को लाना चाह रही है। मोदी दस साल से लगातार देश सेवा कर रहे हैं। आज देश में आतंकवाद, नक्सलवाद समाप्त हो गया है। यह परिवर्तन हुआ है। हाइवे, रेलवे, हर घर नल, बिजली मुहैया कराई जा रही है। देश में 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। 10 करोड़ गरीबों को फ्री में सिलेंडर दिया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार होली और दिवाली पर मुफ्त सिलेंडर दे रही है। जय जय श्री राम के नारे लगाए।

# अछनेरा-किरावली के विकास में नहीं छोड़ूंगा कोई कसर : चाहर



- फतेहपुर सीकरी से प्रत्याशी सांसद राजकुमार चाहर को जनसंपर्क में मिला समर्थन

एनएनआई

**आगरा।** भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर ने किरावली और अछनेरा घर-घर सम्पर्क कर समर्थन मांगा। गांव अभुआपुरा से शुरू हुए जनसंपर्क के दौरान चाहर ने युवाओं, किसानों और महिलाओं से जनसंवाद कर एक बार फिर मोदी सरकार बनाने को समर्थन मांगा। इस दौरान जगह-जगह उनका स्वागत किया गया। किरावली कस्बे में व्यापारियों ने सांसद को गले लगाया। हाट तिराहा से कागारौल तिराहे तक उनका स्वागत किया गया। गांव अभैदेंपुरा में चाहर ने मोदी-योगी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं गिनाई। अछनेरा में राम मंदिर आंदोलन के दौरान सांसद के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने वाले व्यापारियों सहित अन्य वर्गों के लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सांसद ने कहाकि किरावली और अछनेरा ने उन्हें बहुत कुछ दिया है। इस माटी पर कर्म करने के उपरांत ही देश की सबसे बड़ी पंचायत में क्षेत्रवासियों का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। उन्होंने लोगों को भरोसा दिया कि अछनेरा और किरावली के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष गिरिराज सिंह कुशवाहा, विधायक भगवान सिंह कुशवाहा, सोनू शर्मा, राजेश कुशवाहा, हेमेंद्र शर्मा, ब्रजेश चाहर, प्रशांत पूनिया, यशपाल चौधरी, किरावली चेयरमैन विनोद अग्रवाल, अछनेरा के पूर्व चेयरमैन अशोक अग्रवाल, हरपाल सिंह इंदौलिया, महेश कुमार जाटव, प्रमोद चाहर, अभिषेक प्रधान, चेतन चाहर, अन्नू दुबे, गुलशन गर्ग, उमाकांत डगुर, पवन इंदौलिया, हरेंद्र सिंह, नागेंद्र चाहर, दिग्विजय दौनेरिया, अभिलाष चाहर, भगत सिंह प्रधान, गीतम प्रधान, सुखबीर प्रधान, जितेंद्र प्रधान और घंसू प्रधान आदि शामिल रहे।

### पूर्व सैनिकों ने चाहर को दिया समर्थन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सैनिकों के प्रति कार्यशैली से प्रभावित पूर्व सैनिकों ने फतेहपुर सीकरी लोकसभा प्रत्याशी को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की पूर्व सैनिक संघर्ष समिति और जनसंख्या समाधान फाउंडेशन द्वारा पीएस गार्डन रोहता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व वायुसेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया की मौजूदगी में दोनों संगठनों के प्रतिनिधियों ने गांव-गांव जाकर राजकुमार चाहर जिताने की अपील करेंगे। पूर्व सैनिकों देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प लेकर भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया।

### ठीपुरी में सती माता मंदिर पर चढ़ाया नेजा

फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव ठीपुरी में प्राचीन सती माता मंदिर पर आयोजित मेला में सांसद राजकुमार चाहर ने पहुंचकर ने नेजा चढ़ाया। संयोजक राजेश कुशवाह और विधायक भगवान सिंह कुशवाह की मौजूदगी में सांसद ने कहाकि धार्मिक स्थलों के सर्वांगीण विकास के लिए डबल इंजन सरकार ने सदैव प्राथमिकता से कार्य किया है। सती माता मंदिर के प्रांगण में हॉल निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। शीघ्र ही अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे।

# शहर में तो लोग चलते नित नवेले दांव...

**संस्कार भारती प्रताप की काव्य गोष्ठी में कवियों ने बांध समां**

एनएनआई



**आगरा।** आर्य समाज मंदिर जयपुर हाउस पर संस्कार भारती प्रताप की अरुणोदय काव्य गोष्ठी में कवियों ने एक से बढ़कर एक कविताओं का पाठ किया। सुश्री संगीता अग्रवाल की सरस्वती वन्दना से शुरू हुई काव्यगोष्ठी में कवि राकेश शर्मा निर्मल की अब हमारी दस्तरस से दूर हो गए गांव, शहर में तो लोग चलते नित नवेले दांव, इस तरह भटकन बढ़ी है जिन्दगी में आज, रखते कहीं हैं हम मगर पड़ते कहीं हैं पांव को खूब तालियां मिलीं। डॉ. उदयवीर सिंह मथुरा ने- ये गिरना मेरा अंत नहीं अंधकार कितना भी, पर ये अँधेरा अनंत नहीं घनघोर घटा छायी तो क्या...,

कवियत्री अलका अग्रवाल ने कहा-कान्हा की सरकार को, नदिया देती वोट, गिरि से बल खाकर गिरी, लगी न उसको चोट..., कवि हरीश अग्रवाल ढपोरशंख ने पढ़ा-पल वो नहीं होते जो बस बिताए जाते हैं, पल वो भी नहीं होते जो महज निभाए जाते हैं, अरे पल तो वो होते हैं, जो मिलकर साथ सबके, लिए अपनापन का भाव, अपनों के साथ सजाए होते हैं। काव्य गोष्ठी में कवयित्री वन्दना चौहान, धर्मवीर शर्मा, इंदल सिंह इंदु, रविन्द्र वर्मा, प्रभुदत्त उपाध्याय, संजय शर्मा, योगेन्द्र शर्मा ऱयोगीर, सुधीर कुलश्रेष्ठ, शशिकांत गुप्ता आदि ने भी काव्यपाठ किया। इससे पहले पण्डित नरेन्द्र शर्मा, आशीष अग्रवाल, डॉ. मनोज कुमार पचौरी, हरीश अग्रवाल ढपोरशंख और ओम स्वरूप गर्ग ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर काव्य गोष्ठी का शुभारम्भ किया। ध्येय गीत मनोज कुमार पचौरी और हरीश अग्रवाल ने गाया। राजीव सिंघल, दीपक गर्ग, प्रदीप सिंघल, अभिषेक गर्ग ने व्यवस्थाएं संभाली।

# हेल्प आगरा के शिविर में 73 यूनिट हुआ रक्तदान

**आगरा एनएनआई।** हम रक्तदान नहीं करेगें तो जरूरत पड़ने पर खून कहां से उपलब्ध होगा। इसी भावना के साथ श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन संगठन और एसएस जैन युवा संगठन द्वारा समर्पण ब्लड बैंक के सहयोग से मोती कटरा स्थित हैल्प भवन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 73 रक्तदानियों ने रक्तदान किया। इस दौरान 13 लोग हीमोग्लोबिन की कमी के कारण रक्तदान नहीं कर सके। सभी रक्तदानदाताओं को सर्टिफिकेट और गिफ्ट भी भेंट किये गये। इस मौके पर जैन युवा संगठन के अध्यक्ष सचिन जैन, संजीव भंडारी, रौनक, ध्रुव, सिद्धार्थ, विशाल जैन, अंशु, श्रेयांस और हेल्प आगरा के किशन अग्रवाल, राजेंद्र बंसल, नरेश जैन, अशोक बंसल, अजय मित्तल, विशेष बंसल, नंदकिशोर गोयल, नितिन अग्रवाल, रवि बंसल, राजीव गुप्ता और प्रो. जगदीप प्रसाद सिंह मौजूद रहे।



# राजनीति में ईमानदारी के प्रेरक हैं वीरेंद्र सोन

**लीडर्स आगरा ने आवास पर जाकर किया अभिनंदन**



एनएनआई

**आगरा।** लीडर्स आगरा ने चलें शहर को समर्पित, बुजुर्ग विभूतियों के घर, उनका अभिनंदन और चरण वंदन करने अभियान के तहत स्कूटर, साइकिल पर चलकर जनसमस्याओं को निपटाने वाले कांग्रेस नेता और चर्मनगरी के प्रेरक 86 वर्षीय पूर्व विधायक वीरेंद्र सोन के आवास पर पहुंच इलायची की माला और शाल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

सम्मान से अभीभूत श्री सोन ने अतीत की यादों का ताजा किया। कहाकि पहले अब जैसी घृणित राजनीति नहीं होती थी। चुनाव लड़ते समय भी प्रतिद्वंद्वी एक-दूसरे को भाई मानते हुए सम्मान करते थे। किसी में मन मुटाव नहीं होता था। चुनाव को एक खेल की तरह लेते थे, लेकिन अब माहौल में वैमनस्यता ज्यादा बढ़ गई है। उन्होंने कहाकि नई पीढ़ी अब सब समझने लगी है। अब कोई किसी के बहकावे में नहीं आने वाला। लीडर्स आगरा के सुनील जैन ने कहाकि आगरा को इंडिया मार्क-2 हैंड पंप की देन वीरेंद्र सोन की है। उनके अनुरोध पर तत्कालीन मुख्यमंत्री नारायन दत्त तिवारी ने 1986 को इसका शुभारंभ जवाहर पुल पर किया था। बोदला चौराहा से सेंट जोंस मार्ग, मदिया कटरा से ईदगाह बस स्टैड तक के रोड का निर्माण भी सोन के प्रयासों से हुआ। तब विधायक निधि नहीं हुआ करती थी। इसलिए काफी कठिनाई उठानी पड़ती थी। नारायन दत्त तिवारी सोन को आगरा नरेश कह कर पुकारते थे। इस दौरान कांग्रेस नेता दयासरन भार्गव, सुभाष जैन, सुनील जैन, आदर्श नंदन गुप्ता, डॉ. अशोक कुशवाह, एस के बग्गा, रवि गिड़वानी, रौबिन जैन, इंजिनियर धर्मेन्द्र गोला, राजू सविता आदि मौजूद रहे। पूर्व विधायक वीरेंद्र सोन के सुपुत्र मुकेश सोन ने अपने पिता का सम्मान करने के लिए लीडर्स आगरा परिवार का आभार जताया।

राम जी भंडारे वाले
थाली पूरी 45/-

8 पूरी, 2 सब्जी, रायता, अचार, मिठाई (पैठा/पेड़ा)
पैकिंग चार्ज 5 रु अतिरिक्त
50 पैकिट से ऊपर ऑर्डर पर डिलीवरी निःशुल्क
भंडारा (रिफाइंड)
50 किलो / 11000, 100 किलो / 19000 Rs
भंडारा (देसी घी)
50 किलो / 17000, 100 किलो / 27000 Rs
Mob : 8218820638, 9368713881
फ्रेंड्स टॉवर, संजय प्लेस, आगरा

# ...न जाने किस गली में जिंदगी की शाम हो जाए




एनएनआई

**आगरा।** टीएससी बाई विक्रम शुक्ला की संगीत संध्या में बॉलीवुड के प्रसिद्ध गीतकार सुरेंद्र साथी ने जहां अपने गीतों से मंत्र मुग्ध किया। वहीं आकाशवाणी के उद्घोषक देवप्रकाश शर्मा के गाने चुनली रात मा को भरपूर तालियां मिलीं। सुरेंद्र साथी ने सड़क फिल्म का गाना जमाने के देखे है रंग हजार... की नई पक्ति को स्वर दिया। उन्होंने आने वाली फिल्म जिसमें आगरा के पेठा के ऊपर लिखा अपना गाना भी सुनाया। टीएससी की इस शाम में स्प्रिट टीम जिसमें विनोद कुमार, सुमिता, शशि, अंकिता, लवीना और विवेक कुमार जैन ने शेरों शायरी के सुपर हिट गीतों की

> सुरेंद्र साथी और देव शर्मा के गीतों से सजी टीएससी की महफिल
>
> टीम स्प्रिट ने दी पुराने गानों की मैलोडी पर जोरदार प्रस्तुति

मैलोडी की प्रस्तुति दी। तू प्यार का सागर है...से शुरू हुई संगीत यात्रा मेरे दिल में आज क्या है... न चाहूं सोना चांदी...,आ देखें जरा किसमें कितना है दम..., ये लड़का हाय अल्लाह कैसा है दीवाना..., तुम्हारी नजर क्यों खफा हो गई..., तूने ओ रंगीले कैसा जादू किया..., बेखुदी में सनम उठ गए जो कदम..., आंखों ही आंखों में इशारा हो गया..., ओ मेरे हम सफर..., हंसता हुआ नूरानी चेहरा...जैसे गीत सुनाए। स्प्रिट टीम ने डॉ. बशीर बद्र के शेर उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो, न जाने किस गली में जिंदगी की शाम हो जाए से दुबारा मिलने के वायदे के साथ विदा ली।

पीएसी कमांडेंट नरेंद्र कुमार सिंह ने रोते हुए आते हैं सब..., डॉ. आशीष ने ये जो मोहब्बत है ये उनका है काम... जैसे गीतों को स्वर दिए। सुनील मथरानी को जिंदगी एक सफर है सुहाना गीत के लिए बंद मुट्ठी सम्मान दिया गया। वक्रम शुक्ला ने आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया।

## महज 24 घंटे में पति-पत्नी ने छोड़ी दुनिया

> परलोक सिधार पर भी कर गए चार जिन्दिगयां रोशन



**आगरा एनएनआई।** लाजपत कुंज खंदारी निवासी गंगलानी दंपत्ति मानव सेवा के लिए अनूठी मिसाल पेश कर गए। महज 24 घंटे के अंतराल में दंपत्ति का निधन होने पर परिजन ने दोनों का नेत्रदान कराया। इनके महादान से चार नेत्रहीनों की दुनिया रोशन होगी। कल पत्नी मधु जी. गंगलानी के नेत्रदान किये जाने के 24 घंटे बाद ही लाजपत कुंज खंदारी निवासी 82 वर्षीय गंगाराम गंगलानी का भी निधन हो गया। उन्होंने भी नेत्रदान कर दो और लोगों को जीवन रोशन किया है। उनके निधन पर दामाद कपिल ने सत्यमेव जयते ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकेश जैन से नेत्रदान प्रक्रिया पूरी कराने की अपेक्षा की। इस पर एसएन की नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ. स्निग्धा सेन और आई बैक इंचार्ज डॉ. शेफाली मजूमदार के निर्देशन में डॉ. प्रवीन , डॉ. गीतिका और ग्रीफ काउंसिलर दीपक शर्मा ने कॉर्निया प्राप्त की। सत्यमेव जयते ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकेश जैन, गौतम सेठ, प्रभारी हरीश वासवानी और नंदकिशोर गोयल ने अन्य लोगों से भी नेत्रदान अभियान से जुड़ने की अपील की है।

## सुडोकू में बच्चों ने दिखाई तार्किक क्षमता





**आगरा एनएनआई।** ब्रेनोब्रेन किड्स एकेडमी सुडोकु प्रतियोगिता का आखिरी चरण सेंट पीटर्स कॉलेज में आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल के निदेशक और अप्सा अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता व सेंट पीटर्स कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य फादर जैकब मौजूद रहे। प्रतियोगिता के अंतिम चरण के विजेताओं को विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गयाद्ध प्रतियोगिता की तीन श्रेणियों के लिए तीन ट्रॉफी, 25 स्वर्ण पदक, 25 रजत पदक और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। नकद पुरस्कार के रूप में प्रथम पुरस्कार दो हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार पंद्रह सौ रुपए और तृतीय पुरस्कार एक हजार रुपए प्रदान किए गए। प्रतियोगिता विभिन्न चरणों प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल, गायत्री पब्लिक स्कूल, सेंट पीटर्स कॉलेज, सेंट जॉर्जेस कॉलेज, विद्या इंटरनेशनल स्कूल, सिम्बोजिया स्कूल के साथ-साथ ब्रेनोबेन के सभी केद्रों पर आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में चार हजार से ज्यादा बच्चों ने प्रतिभाग किया था। इसमें 400 बच्चों को अंतिम चरण के लिए चुना गया। विशिष्ट अतिथि डॉ. सुशील गुप्ता ने सभी विजेताओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सुडोकू बच्चों में तार्किक क्षमता को विकसित करने वाला खेल है। इससे बच्चों के ध्यान और एकाग्रता में वृद्धि होती है। खेल-खेल में ही वे गणित के अंकों का उचित समायोजन करना सीखते हैं। फादर जैकब ने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में और बेहतर करने को प्रेरित किया। इस मौके पर कविता अग्रवाल, चयनिका अग्रवाल, मीनू कोहली, दीपाली खेत्रपाल, शिव्या जैन, आलोक चंद्रा, नाजिमी फातिमा, रूपाली सिंघल, इंद्रा और श्वेता बंसल आदि उपस्थित रहीं।

Sunday Open
पर्दे ही पर्दे
* Sofa Fabric
* Customise Blinds
* Wallpaper
* Flooring all type
* Grass
* Carpet
* All Furnishing Item
किरन मित्तल
बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने संजय प्लेस,
आगरा मो. 9837261764, 8193034811

ट्रेडमार्क रजिस्ट्रेशन
ट्रेडमार्क, ब्रॉण्डनेम, फर्मनेम, डिज़ायन एवं कॉपीराइट रजिस्ट्रेशन्स कराने व डुप्लीकेसी रोकने के लिए।
पी. के. अरोरा
संस्थापक
ताज ट्रेडमार्क
आनन्द वृन्दावन, संजय प्लेस, आगरा।
फोन: 0562 - 4007024, 2971024, 2855024, 2854341, 08057500024
167, सेक्टर 15 A, नोएडा। फोन: 0120 - 4110024
e-mail : info@tajtrademark.in www.tajtrademark.in
Toll Free No. 1800 270 5440
ESTD.: 1970

# देश के ज्यादातर हिस्से में लू का अलर्ट जारी



**नई दिल्ली।** देशभर में गर्मी का प्रकोप जारी है। कई राज्यों में जमकर लू चल रही है, जिसके लिए मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। कई राज्यों के विभिन्न हिस्से में पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग के ताजा अपडेट के मुताबिक, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लिए लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, देश के कई अन्य हिस्से में भी हीटवेव की स्थिति की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अगले चार दिनों के दौरान बिहार, झारखंड, रायलसीमा, आंतरिक कर्नाटक और तमिलनाडु में हीटवेव की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, 29 से 30 अप्रैल के दौरान केरल और उत्तर प्रदेश, 30 अप्रैल से 1 मई के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में इसी तरह की मौसम की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग ने पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, असम, पूर्वी मेघालय, नगालैंड और मणिपुर में 29 से 30 अप्रैल के बीच गरज के साथ हल्की बारिश की भी भविष्यवाणी की है। 29 अप्रैल से 1 मई को सिक्किम में गरज और बिजली के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। लद्दाख, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश और बर्फबारी संभव है।

29 से 30 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश और बर्फबारी हो सकती है। खराब मौसम को देखते हुए जिले के लोगों को सामान्य तौर पर और विशेष रूप से झेलम नदी और इसकी सहायक नदियों व नालों के बाएं और दाएं किनारों पर रहने वाले लोगों को सलाह दी गई है कि वे इन जल निकायों के अंदर और आस-पास जाने से बचें और मौसम में सुधार होने तक अपनी गतिविधियों को सीमित रखें। वहीं, उत्तराखंड में हल्की बारिश संभव है। तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और दक्षिण ओडिशा के कुछ हिस्सों में बारिश और तूफान संभव है। पंजाब के उत्तरी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ छिटपुट ओलावृष्टि हो सकती है। उत्तरी हरियाणा और उत्तर-पश्चिमी राजस्थान में हल्की बारिश और तूफान संभव है।

# उधमपुर में आतंकियों की तलाश, सेना का तेज ऑपरेशन

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में भारतीय सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है। ऊधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में सेना आतंकियों की तलाश कर रही है। रविवार को जम्मू कश्मीर पुलिस और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में एक ग्राम रक्षक गार्ड घायल हुआ था। उपचार के दौरान गार्ड की मौत हो गई। इसके बाद से सेना ने ऑपरेशन और तेज कर दिया है। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और गहन सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

बसंतगढ़ के पनारा गांव में आतंकियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ के बाद जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय



राजमार्ग पर सुरक्षा को बढ़ा दिया गया और वाहनों की जांच भी सख्त कर दी गई। पुलिस और स्पेशल फोर्सेज को हेलीकॉप्टर के जरिए उतारा गया।

**संदिग्ध लोगों की खबर मिलने के बाद गए थे जवान**

ऊधमपुर पुलिस को शनिवार शाम कुछ संदिग्ध लोगों के बारे में जानकारी मिली थी। इसके बाद रविवार सुबह पुलिस और वीजीडी के जवान चोचरू गाला हाइट्स की तरफ बढ़े। यहां पुलिस और जंगल में छिपे हुए आंतकियों के बीच मुठभेड़ हुई। शुरूआती गोलीबारी में जम्मू कश्मीर पुलिस का एक वीजीडी घायल हुआ, जिसकी मौत हो गई। सेना और केंद्रीय रिजर्व सुरक्षा बल के साथ एनओजी ने मोर्चा संभाल लिया है। पूरे इलाके का घेराव कर लिया गया है।

**बारिश ने बढ़ाई परेशानी**

जम्मू कश्मीर में बारिश के चलते आवागमन में परेशानी आ रही है। ऐसे में सर्च ऑपरेशन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों में पानी भरा हुआ है और कई जगहों पर भू धंसाव भी हो रहा है। आतंकी खराब मौसम का फायदा उठाकर सुरक्षा बलों से बच रहे हैं।

# 'तारक मेहता...' के लापता सोढ़ी की होने वाली थी शादी

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के सोढ़ी उर्फ गुरुचरण सिंह 22 अप्रैल को लापता हो गए। तब से परिवार के सदस्य, सह-कलाकार और फैंस उनके लिए चिंतित हैं। इस मामले में अभी पुलिस जांच जारी है। वहीं लापता सोढ़ी को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। इस मामले हैरान कर देने वाली अपडेट सामने आई है। इस एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जल्द ही शादी करने वाले थे। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया कि अभिनेता आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। ये नई अपडेट एक्टर के लापता होने के कुछ ही दिनों बाद सामने आई है जब गुरुचरण को आखिरी बार नई दिल्ली में देखा गया था। मामले की जांच में पता चला कि गुरुचरण की जल्द ही शादी होने वाली थी और वह पैसों की तंगी से जूझ रहे थे। 'वह दिल्ली एयरपोर्ट के लिए अपने घर से निकले, लेकिन वह एयरपोर्ट के रास्ते के आस-पास भी नहीं नजर आए।

# दुबई में होगा दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट, 5 रनवे समेत होंगे 400 गेट

**दुबई।** टूरिज्म सेक्टर में यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) दिन दोगुनी-रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। इसी के मद्देनजर यूएई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने एक बड़ा ऐलान किया है। शेख मोहम्मद बिन ने रविवार को अपने एक्स अकाउंट पर ऐलान करते हुए बताया कि दुबई दुनिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट, इसके पोर्ट, शहरी केंद्र और नया ग्लोबल सेंटर बनेगा। उन्होंने इसी के तहत करीबन 35 बिलियन अमेरिकी डॉलर (2.9 लाख रुपये करोड़) की नई एयरपोर्ट प्रोजेक्ट की घोषणा की है। शेख मोहम्मद ने आगे बताया कि नए हवाई अड्डे को अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट कहा जाएगा और इसमें 5 रनवे, 260 मिलियन यात्रियों की मेजबानी की कैपेसिटी और 400 एयरक्राफ्ट गेट होंगे। उन्होंने आगे कहा कि इस नए प्रोजेक्ट से "हमारे बच्चों और उनके बच्चों के लिए निरंतर और स्थिर विकास" सुनिश्चित करेगी। पहली बार एवीएशन सेक्टर में नई एविएशन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा। दुबई के शासक ने आगे कहा कि यह एयरपोर्ट, वर्तमान दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आकार से 5 गुना बड़ा होगा।

# यूक्रेन के मिकोलाइव शहर पर बड़ा घातक ड्रोन हमला

**कीव।** रूसी ड्रोन हमले से यूक्रेन एक बार फिर थर्रा उठा है। रूस ने रविवार तड़के मिकोलाइव शहर पर भीषण ड्रोन हमला किया गया, जिससे एक होटल में आग लग गई और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े कई बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। इसके साथ ही 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रांतीय गवर्नर ने यह जानकारी दी। यह हमला ऐसे समय किया गया जब दो साल से अधिक समय से चल रहे युद्ध में यूक्रेनी सैनिकों को गोला-बारुद की कमी से जूझना पड़ रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की अमेरिका



समेत यूरोपीय देशों से लगातार मदद की गुहार लगा रहे हैं।

यूक्रेन के दक्षिणी मिकोलाइव प्रांत के गवर्नर विताली किम ने कहा कि रूसी ड्रोन ने प्रांतीय राजधानी (मिकोलाइव) में एक होटल को ह्लगंभीर रूप से क्षतिग्रस्तह्व कर दिया। हमले से होटल में आग लग गई जिसे हालांकि बाद में बुझा दिया गया। किम ने यह भी बताया कि हमले से शहर के घरों और कार्यालयों को गर्म रखने वाले बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है, लेकिन उन्होंने कोई विवरण नहीं दिया।

रूसी सरकारी एजेंसी आरआईए ने दावा किया कि मिकोलाइव पर हमले में एक शिपयार्ड को निशाना बनाया गया, जहां नौसैनिक ड्रोन एकत्र किए जाते हैं, इसके साथ ही एक होटल को भी निशाना बनाया गया जिसमें अंग्रेजी बोलने वाले भाड़े के सैनिक रहते हैं जो यूक्रेन के लिए लड़ते हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार सुबह कहा कि देश के दक्षिण-पश्चिम में चार क्षेत्रों में रात भर में 17 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए गए।

# शोध: विनाशकारी तूफानों की सटीक जानकारी देगा एआई

**48 घंटे पहले तीव्रता की भविष्यवाणी करने में सक्षम**

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से विनाशकारी तूफानों के मार्ग और तीव्रता का तेजी से सटीक अनुमान लगाया जा सकता है। यूरोप में नवंबर 2023 में आए तूफान सियारन के विश्लेषण पर आधारित शोध में एआई और मौसम के पूर्वानुमान के पारंपरिक साधनों की तुलना की, जिसमें यह सामने आई आया है। एनपीजे क्लाइमेट एंड एटमॉस्फेरिक साइंस में प्रकाशित रीडिंग विश्वविद्यालय के अध्ययन में मौसम की भविष्यवाणी में एआई की क्षमता



पर प्रकाश डाला गया है। सियारन ने उत्तरी यूरोप में 16 लोगों की जान ले ली थी और फ्रांस में 10 लाख से अधिक घरों को बिना बिजली के छोड़ दिया था।

**पारंपरिक पूर्वानुमान मॉडल से बेहतर**

शोधकर्ताओं ने तुलना के लिए चार एआई मॉडलों का इस्तेमाल किया। गूगल, एनवीडिया और हुआई जैसे तकनीकी दिग्गजों के विकसित एआई मॉडल, तूफान की तीव्रता की भविष्यवाणी करने और 48 घंटे पहले ट्रैक करने में सक्षम थे। शोधकर्ताओं ने कहा कि काफी हद तक पूर्वानुमान पारंपरिक पूर्वानुमान मॉडल से पता लगाने योग्य नहीं थे।

**पैसा और समय बचेगा**

शोधकर्ताओं का कहना है कि तूफान सियारन जैसे चरम मौसम से लोगों को बेहतर तरीके से बचाने के लिए मौसम के पूर्वानुमान में एआई के इस्तेमाल की और अधिक जांच की तत्काल जरूरत है। मशीन लर्निंग मॉडल के विकास का मतलब यह हो सकता है कि निकट भविष्य में मौसम के पूर्वानुमान में एआई का नियमित रूप से उपयोग किया जाएगा, जिससे समय और पैसा बचेगा।

# उत्तराखंड के जंगलों में आग का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को दो बड़े मामलों में तत्काल सुनवाई की मांग की गई। इनमें एक मामला उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग से जुड़ा है। दरअसल, कोर्ट में एक याचिका का जिक्र करते हुए जंगल की आग के मुद्दे पर तुरंत सुनवाई का आग्रह किया गया।

इस पर कोर्ट ने वकील से एक ईमेल भेजने को कहा और इस पर विचार करने का आश्वासन दिया। इस पर वकील ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में जंगल की आगों को लेकल पिछले चार वर्षों से तीन याचिकाएं लंबित हैं।

दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल के बीरभूम से लोकसभा चुनाव में भाजपा की ओर से प्रत्याशी बनाए गए देबाशीष धर ने अपना पर्चा खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने इस मामले में तत्काल सुनवाई की मांग की है। देबाशीष की इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने विचार करने की बात कही है।

## संपादकीय

# कांग्रेस के मुद्दों पर फंस गई भाजपा!

दो चरण के मतदान के बाद चुनाव को देखने और समझने का नजरिया बदल गया है। कम मतदान की अपने अपने अंदाज में व्याख्या हो रही है। विपक्षी पार्टियां इसे सरकार के प्रति मोहभंग मान रही हैं तो भाजपा का कहना है कि विपक्ष से लोगों को कोई उम्मीद नहीं है इसलिए सिर्फ सरकार का समर्थन करने वाले ही बूथ पर जा रहे हैं। सचाई दोनों के बीच कहीं है। लेकिन उससे भी दिलचस्प बात यह है कि भाजपा का पूरा चुनाव प्रचार ही बदल गया है। भाजपा अब तक जिन मुद्दों पर प्रचार कर रही थी वो सारे मुद्दे हाशिए में चले गए हैं। उनकी जगह नए मुद्दे आ गए हैं। ये नए मुद्दे आए हैं कांग्रेस के घोषणापत्र से या कांग्रेस नेताओं के बयानों से। सो, कह सकते हैं कि अब चुनाव कांग्रेस के घोषणापत्र पर या कांग्रेस के तय किए गए एजेंडे पर लड़ा जा रहा है। यह कई मायने में कांग्रेस की बड़ी उपलब्धि है कि उसके चुने गए मुद्दे पर चुनावी नैरेटिव सेट हो रहा है। देश को कांग्रेस ने 60 साल के शासन में क्या दिया, यह आम जनता का सवाल हो गया था। राहुल गांधी को कैसे कमान दी जा सकती है, यह भी देश का सवाल बन गया था। भारत का विकसित होना और इसके गौरवशाली इतिहास की वापसी तभी मुमकिन है, जब मोदी हैं, यह भी देश का सबसे लोकप्रिय विमर्श था। लेकिन इस बार के चुनाव में यह विमर्श नहीं है और अगर है भी तो सार्वजनिक स्पेस में उसकी उपस्थित नगण्य है। इस बार के चुनाव में भाजपा की ओर से बरसों के परिश्रम से स्थापित किए गए मुद्दों की बजाय कांग्रेस की ओर से उठाए गए मुद्दों पर चर्चा हो रही है। संविधान बदलने का मुद्दा कांग्रेस जनता के बीच लेकर गई थी। आज इस बात को लेकर चर्चा हो रही है। भाजपा को जवाब देना पड़ रहा है। जान देकर संविधान बचाने की बातें हो रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी कह रहे हैं कि अगर बाबा साहेब अंबेडकर भी आ गए तो अब संविधान को नहीं खत्म कर सकेंगे। अनुसूचित जातियों को लग रहा है कि भाजपा बाबा साहेब के बनाए संविधान को समाप्त कर देगी। पिछड़ी जातियों को लग रहा है कि भाजपा संविधान बदल कर आरक्षण की व्यवस्था को खत्म करेगी। मुसलमान और व्यापक रूप से देश की धर्मनिरपेक्ष जनता को लग रहा है कि संविधान की प्रस्तावना को बदल कर भाजपा उसमें से 'सेकुलर' शब्द हटा देगी। दक्षिण और पूर्वी भारत के राज्यों की पार्टियों और कुछ हद तक नागरिकों को भी लग रहा है कि भाजपा संघवादी शासन व्यवस्था को खत्म कर देगी। इसी तरह भाषिक और सांस्कृतिक विविधता को खत्म करके एकरूपता लाने की चिंताओं पर भी देश के अलग अलग हिस्सों में चर्चा हो रही है। सो, संविधान बदलने का जो खतरे का नैरेटिव बना उसे खारिज करने की तमाम कोशिशें अभी तक निरर्थक होती दिख रही हैं। इसके जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नया खतरा दिखाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में संपत्तियों के पुनर्वितरण की बात कही है। इसकी व्याख्या करते हुए उन्होंने यहां तक कह डाला कि कांग्रेस की नजर महिलाओं के मंगलसूत्र पर है और वह लोगों की संपत्ति छीन कर 'ज्यादा बच्चे वालों' और 'घुसपैठियों' को दे देगी। उन्होंने इसे सांप्रदायिक रंग दिया और प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह के 2006 में दिए गए बयान का जिक्र करते हुए दावा किया कि कांग्रेस मानती है कि देश की संपत्ति पर मुसलमानों का पहला अधिकार है। दिलचस्प बात यह है कि आर्थिक असमानता दूर करने के लिए संपत्ति के पुनर्वितरण की जो बात कांग्रेस ने कही है उसे जाने अनजाने में प्रधानमंत्री मोदी ने विमर्श का मुद्दा बना दिया है। इसमें सैम पित्रोदा ने इनहेरिटेंस टैक्स यानी विरासत कर का तड़का लगाया। ध्यान रहे भारत में ज्यादातर लोग गरीब हैं। करीब 81 करोड़ तो ऐसे हैं, जिनको सरकार पांच किलो मुफ्त अनाज दे रही है और बड़े गर्व से इसका प्रचार भी कर रही है। अगर ऐसी जनता को यह बात समझ में आती है कि कांग्रेस की सरकार बनने पर उसको कुछ संपत्ति या कुछ पैसे मिल सकते हैं फिर क्या होगा?बड़ी आबादी को यह विचार ही रोमांचित करने वाला है कि सरकार अमीरों की संपत्ति लेकर उसे जनता में बांट सकती है। याद करें प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर क्या इसी तरह का वादा नरेंद्र मोदी ने नहीं किया था? फर्क इतना है कि उन्होंने विदेशों में जमा कारोबारियों के धन को काला धन कहा था। खाते में 15-15 लाख रुपए आ सकते हैं वाली बात लोगों को कितनी अच्छी लगी थी और कैसे सब लोग अच्छे दिन आने के सपने देखने लगे थे! अभी हाल के दिनों में भी प्रधानमंत्री ने कहा कि वे इसका कानूनी रास्ता तलाश रहे हैं कि कैसे केंद्रीय एजेंसियों द्वारा जब्त किए गए पैसे उन लोगों में बांटे जाएं, जो लूट का शिकार हुए हैं। यह भी संयोग है कि इसी समय सुप्रीम कोर्ट में संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) को लेकर बहस चल रही है। नौ जजों की संविधान पीठ इस पर विचार कर रही है कि निजी संपत्ति को सामुदायिक बेहतरी के लिए सरकार कब्जा कर सकती है या नहीं? सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के जज करीब 60 साल पहले ऐसे ही एक मामले में जस्टिस बी कृष्णा अय्यर के फैसले से सहमत दिख रहे हैं सो, असमानता दूर करने के लिए आर्थिक सर्वे, संपत्ति के पुनर्वितरण और विरासत कर की बातें सार्वजनिक विमर्श का विषय बन गई हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह बहुत क्रांतिकारी विचार है, जिसे एक तबका प्रतिगामी भी मान सकता है। लेकिन इससे कोई इनकार नहीं कर सकता है कि राहुल गांधी ने संविधान और लोकतंत्र बचाने, जाति गणना कराने, आरक्षण की सीमा बढ़ाने, संपत्ति के पुनर्वितरण और आर्थिक सर्वेक्षण के जरिए एक बड़े तबके के साथ हुए अन्याय का पता लगाने के क्रांतिकारी विचारों पर प्रतिक्रिया देने के लिए भाजपा को बाध्य कर दिया है। पिछले 10 साल पहली बार ऐसा हो रहा है कि एजेंडे कांग्रेस सेट कर रही है और भाजपा उस पर प्रतिक्रिया दे रही है।

# रायबरेली: प्रियंका को जिताने के लिए जुटेगी 'स्पेशल 24' टीम



**रायबरेली।** कांग्रेस के गढ़ रायबरेली से प्रियंका गांधी के नाम की घोषणा किसी भी पल हो सकती है। चुनाव प्रबंधन के लिए राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने जिले में 24 सदस्यों की समन्वय समिति का गठन कर दिया है, जिसमें हर विधानसभा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस कमेटी और वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं को शामिल किया गया है। इसके साथ ही कांग्रेस के पांच बड़े चेहरे बैकअप में रहेंगे। इनमें खास नाम सुनील कानूगोलू का है, जो आईटी वॉर रूम के साथ रायबरेली के चुनावी समीकरणों के मद्देनजर चाणक्य की भूमिका निभाएंगे।

रायबरेली से मैदान में कौन उतरेगा, इसका फैसला कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हाथ में है। शनिवार रात को कांग्रेस केंद्रीय कोर कमेटी की बैठक में टिकट फाइनल करने का अधिकारी पार्टी ने उन्हें ही सौंप दिया। मिशन रायबरेली को लेकर पिछले दो दिन से सरगर्मी बढ़ गई है। जिला कांग्रेस कमेटी के साथ दिल्ली कोर कमेटी सक्रिय है। सभी की निगाह रायबरेली से टिकट की घोषणा पर टिक गई है। फिलहाल प्रियंका गांधी का नाम तय माना जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अभी मौन हैं।

सोनिया गांधी ने रायबरेली के चुनाव को लेकर स्पेशल- 24 समन्वय समिति बना दी है। इसमें सोनिया गांधी के साथ उनके प्रतिनिधि केएल शर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, कांग्रेस नगर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव, बछरावां से पार्टी के विधानसभा प्रत्याशी रहे सुशील पासी, हरचंदपुर से पूर्व विधायक सुरेंद्र विक्रम सिंह, सदर सीट से चुनाव लड़ चुके डॉ. मनीष सिंह चौहान, सरेनी ने विधानसभा प्रत्याशी रहीं सुधा द्विवेदी, ऊंचाहार से प्रत्याशी रहे अतुल सिंह, बछरावां से विधानसभा प्रत्याशी रहे साहबशरण पासवान, नगर पालिका अध्यक्ष रायबरेली शत्रोहन सोनकर, लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रायबरेली मो. इलियास, एआईसीसी के पूर्व सदस्य कल्याण सिंह गांधी, डीडीसी के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता वीके शुक्ला को भी जगह मिली है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक महासचिव केसी वेणुगोपाल, डीके शिवकुमार, उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश कांग्रेस महासचिव आराधना मिश्रा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका रणनीतिकार के रूप में निभाएंगे।

सर्वेक्षण विशेषज्ञ सुनील कानूगोलू कांग्रेस के अहम रणनीतिकारों में से एक हैं। तेलंगाना चुनाव उनकी रणनीति के अनुरूप लड़ा गया और कांग्रेस को बड़ी सफलता मिली। रायबरेली के चुनाव में भी सुनील कानूगोलू की बड़ी भूमिका रहेगी। रायबरेली को लेकर सबसे पहला सर्वे उन्होंने ही कराया था, जिसके बाद से प्रियंका गांधी को लेकर आम सहमति बनने लगी। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भी सुनील की टीम सर्वे करने रायबरेली पहुंची थी।

## छठे चरण के लिए नामांकन आज से, 25 मई को मतदान


**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान के लिए सोमवार यानी आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जिला प्रशासन ने इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रत्याशी समेत कुल पांच लोगों को ही नामांकन स्थल पर जाने की अनुमति होगी। पूर्वांचल की 13 सीटों में पांच लोकसभा सीटें लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही में छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा। चुनाव आयोग से जारी कार्यक्रम के अनुसार सोमवार यानी 29 अप्रैल से नामांकन शुरू होगा, जो छह मई तक चलेंगे। सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर तीन बजे तक पर्चे दाखिल होंगे। नामांकन पत्रों की जांच के लिए सात मई व नाम वापसी की अंतिम तिथि नौ मई निर्धारित है। 25 मई को मतदान व चार जून को मतगणना होगी। उम्मीदवार को नामांकन स्थल से 100 मीटर की परिधि तक सिर्फ तीन वाहन ले जाने की अनुमति होगी। प्रत्याशी समेत कुल पांच व्यक्ति ही एक साथ निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित रह सकते हैं।

## भाजपा पर बरसे तेजस्वी, कहा- इनके पास कोई काम नहीं

**पटना।** तेजस्वी यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के पास कोई काम नहीं है इसलिए ये लोग सिर्फ बेकार की बातें कहते रहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग काम की बात कर ही नहीं सकता है।

तेजस्वी यादव ने कहा कि हम 5 लाख नौकरी दिए। मेरे निकलते ही पेपर लीक हो गया। एक लाख बहाली बचा हुआ है उसमें और तीन लाख नौकरी की प्रक्रिया करके हम आए हैं। तो फिर यह लोग नौकरी क्यों नहीं दे रहा है? तेजस्वी यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि एक दो नहीं बल्कि दो-दो डिप्टी सीएम बना है। और काम के नाम पर सिर्फ बकवास करता है यह लोग। घर में बंद हो जाएंगे तो मंगलसूत्र ले लेगा, तो यह कर लेगा, फलां कर लेगा, और कुछ सुने हैं यह लोग का? नौकरी के बारे में, पलायन के बारे में, गरीबों के बारे में, महंगाई के बारे में, किसान की आय दुगनी करने के मामले में, और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के बारे में भाजपा के लोग बात ही नहीं कर सकते हैं। खाली दिनभर यह बंद हो जाएगा यह खुल जाएगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि मेरे घर के अंदर बंद हो जाने से जनता का फायदा है? या नुकसान है? मेरा भाजपा के लोगों से और मुख्यमंत्री जी से सिर्फ यही सवाल है कि मेरा जो बाकी चार लाख नौकरी जो साइन करके हम आए उस बहाली को यह लोग क्यों नहीं निकाल रहे हैं?

# स्मृति ईरानी और राजनाथ सिंह आज भरेंगे पर्चा





**लखनऊ।** लखनऊ संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह और मोहनलालगंज के प्रत्याशी कौशल किशोर सोमवार को नामांकन करेंगे। प्रदेश मुख्यालय के समक्ष सुबह नौ बजे से सभी लोग एकत्रित होंगे और 10 राजनाथ सिंह पार्टी रथ पर वरिष्ठ नेताओं के साथ नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट रवाना होंगे। प्रदेश कार्यालय से शुभारंभ से लेकर पूरे रास्ते विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा, ढोल नगाड़े, शंखनाद के साथ स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। राजनाथ सिंह के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी आदि शामिल होंगे।

### स्मृति जूबिन इरानी आज करेंगी नामांकन

अमेठी में 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई है। 20 मई को चुनाव है। 27 व 28 अप्रैल को छुट्टी पड़ गई। अब सोमवार यानी 29 को नामांकन शुरू होगा और तीन मई तक चलेगा। भाजपा की स्मृति इरानी ने दो पर्चे लिए हैं। 29 को वह रोड शो के बाद नामांकन करेंगी। इसके अलावा चौदह अन्य ने पर्चे लिए हैं। अब तक नामांकन के लिए 22 पर्चे लिए गए हैं।

### अमेठी से निकलेगा रोड शो

नामांकन से पूर्व सुबह वह अपने आवास पर विधि विधान से पहले हवन-पूजन करेंगी। उसके बाद शुभ-मुहूर्त के मुताबिक पार्टी कार्यालय पहुंचेंगी। यहां से रोड-शो निकालने की तैयारियां की गईं। पार्टी कार्यालय से रोड-शो निकल कर शहर में भ्रमण होगा, उसके बाद कलेक्ट्रेट मोड़ पर रोड-शो समाप्त होगा। यहां से वह अपने प्रस्तावक व अन्य लोगों के साथ कलेक्ट्रेट नामांकन करने पहुंचेंगी। भाजपा मीडिया प्रभारी चंद्रमौलि सिंह ने बताया कि पार्टी प्रत्याशी स्मृति जूबिन इरानी आवास पर हवन पूजन के बाद पार्टी कार्यालय से रोड-शो करेंगी।










# जलवा रनवे में लगेगा फैशन का मेला

महिला सशक्तिकरण को समर्पित होगा फैशन रनवे



एनएनआई

**आगरा।** जलवा ग्रुप व एक पहल पाठशाला द्वारा बालाजी प्रोपर्टीज आर्केड प्रेजेंट जलवा टाइम्स फैशन रनवे महिला सशक्तिकरण को समर्पित जलवा टाइम्स फैशन रनवे के पांचवे संस्करण का आयोजन 19 मई में होने जा रहा है जिसमे देशभर से 55 प्रोफेशनल मॉडल, 28 फैशन डिजाइनर और 20 मेकअप आर्टिस्ट शामिल हो रही है। रविवार को कमला नगर स्थित डीडी सुइट रेस्टोरेंट में आयोजन समिति ने जलवा टाइम्स फैशन रनवे के पोस्टर का विमोचन किया। जलवा ग्रुप के प्रमुख सचिन शुभ शर्मा ने बताया कि शहर के युवा मॉडल्स के साथ देशभर के प्रोफेशनल मॉडल्स फैशन रनवे में एक मंच पर दिखेंगे। युवक-युवतियों के लिए तीन-तीन सीक्वेंस होंगे, जिसमे ग्रीष्मकालीन व सहालग के कलेक्शन प्रदर्शित किए जायेंगे। संस्था से जुड़े कपिल सिंघल ने बताया कि जलवा टाइम्स फैशन रनवे की शुरूआत एक पहल पाठशाला के बच्चे गणेश वंदना कर करेंगे। इस बार जलवा टाइम्स फैशन रनवे में किड्स राउंड को शामिल किया है इस अवसर पर सचिन अग्रवाल, ऋतुराज दुबे, डॉ आनंद, सीमा आनद, अरुण प्रताप सिंह, लता वर्मा, वीरेंद्र अग्रवाल, ऋतु गर्ग, रॉक गुप्ता, प्राप्ति माहेश्वरी, सचिन पचौरी, शिवम शर्मा, शेखर सिंह, खुशी सिंह, रूबी खान, पम्मी शर्मा, ख्वाइश जौहरी, अभिषेक गोस्वामी, राजेश प्रजापति, माही सिंह दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।



# इस दिन शुरू होगी 'गेम चेंजर' के नए शेड्यूल की शूटिंग

**मुंबई।** ग्लोबल स्टार राम चरण जल्द ही 'गेम चेंजर' में एक्ट्रेस कियारा आडवाणी के साथ नजर आएंगे। अभिनेता के जन्मदिन के अवसर पर, प्रशंसकों को आश्चर्यचकित करते हुए, निर्माताओं ने 'गेम चेंजर' गाना जारी किया, जिसमें राम और कियारा का अद्भुत नृत्य है। गाना सुनने के लिए फैंस काफी उत्साहित थे लेकिन फिल्म की शूटिंग अभी तक पूरी नहीं हुई है. यह फिल्म पिछले साल शुरू हुई थी लेकिन अभी तक खत्म नहीं हुई है।

### नए फिल्मांकन समय के बारे में जानें

राम चरण और कियारा आडवाणी ने अपनी फिल्म गेम चेंजर की शूटिंग लगभग पूरी कर ली है। नए शो के लिए फिल्मांकन जल्द ही शुरू होगा। यह कुछ समय के लिए रुका हुआ था। 123 तेलुगु के अनुसार, निर्देशक एस. शंकर की बेटी की शादी के कारण फिल्मांकन अस्थायी रूप से रोक दिया गया था, लेकिन 1 मई से फिर से शुरू होने वाला है।

### गेम चेंजर एक बड़े बजट की फिल्म है

'गेम चेंजर' एक राजनीतिक ड्रामा है। यह काफी हाई बजट फिल्म है. बजट 300 से 400 करोड़ रुपये के बीच बताया जा रहा है. राम चरण गेम चेंजर में दो किरदार निभाना चाहते हैं.

### राम चरण की नई फिल्म

राम चरण के काम की बात करें तो गेम चेंजर के अलावा राम चरण जल्द ही आरसी 16 और आरसी 17 में नजर आएंगे।

### शूटिंग लोकेशन चेन्नई में होगी.

मैं बता दूं कि 'गेम चेंजर' के महत्वपूर्ण हिस्सों पर फिल्म बनाई गई थी। इस फिल्म में राम चरण, सुनील और नवीन चंद्रा के सीन शूट होने थे. अब नया कार्यक्रम 1 मई से चेन्नई में शुरू होगा. गेम चेंजर में राम चरण के अलावा कियारा आडवाणी, एसजे सूर्या, जयराम, अंजलि, श्रीकांत, समोथिरकानी, सुनील और नासर भी नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण दिल राजू ने किया है।



# चेन्नई ने हैदराबाद को 78 रनो से दी करारी शिकस्त



इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन में ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स एक बार फिर जीत की पटरी पर लौट आई है. लगातार 2 हार के बाद चेन्नई टीम ने जीत दर्ज की। उन्होंने रविवार (28 अप्रैल) को खेले गए मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 78 रनों से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही चेन्नई टीम ने पॉइंट्स टेबल में लंबी छलांग लगाई है। यह टीम छठे नंबर से छलांग लगाकर तीसरे पायदान पर पहुंच गई है। चेन्नई टीम ने अब तक अपने 9 में से 5 मुकाबले जीते हैं। दूसरी ओर पैट कमिंस की कप्तानी वाली सनराइजर्स को हार के बाद बड़ा नुकसान झेलना पड़ा है। ये टीम फिसलकर चौथे नंबर पर आ गई है। सनराइजर्स टीम ने अब तक अपने 9 में से 5 मुकाबले जीते हैं। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने 213 रनों का टारगेट सेट किया। जवाब में हैदराबाद टीम 18.5 में 134 रन ही बना सकी और मैच गंवा दिया। सनराइजर्स के लिए एडेन मार्करम ने 32 और हेनरिक क्लासेन ने 20 रन बनाए। इन दोनों के अलावा सनराइजर्स टीम का कोई भी 20 रनों का आंकड़ा नहीं छू सका। चेन्नई टीम के लिए तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने कहर बरपाती गेंदबाजी की और सबसे ज्यादा 4 विकेट अपने नाम किए। जबकि मथीशा पथिराना और मुस्ताफिजुर रहमान ने 2-2 सफलता हासिल की।




# माहेश्वरी ने भारत के लिए 2024 पेरिस ओलंपिक शॉटगन कोटा हासिल किया



दोहा: भारतीय निशानेबाज माहेश्वरी चौहान ने दोहा में इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) ओलंपिक शॉटगन क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में महिला स्कीट स्पर्धा में ठोस प्रदर्शन के बाद भारत के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए 21वां शूटिंग कोटा और शॉटगन वर्ग में पांचवां कोटा हासिल किया। कतर रविवार को. दोहा इवेंट शॉटगन में पेरिस 2024 के लिए अंतिम क्वालीफाइंग इवेंट है। ओलंपिक्स डॉट कॉम के अनुसार, प्रत्येक इवेंट के शीर्ष दो निशानेबाजों (प्रति देश अधिकतम एक) को मीट में कोटा मिला। माहेश्वरी ने महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में चिली की फ्रांसिस्का क्रोवेटो चाडिड के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। दोनों ने 54-54 अंक बनाए थे लेकिन शूट-ऑफ में चिली 4-3 से बाजी मार ले गया। ओलंपिक्स के हवाले से फाइनल के बाद माहेश्वरी ने कहा, "मैं रोमांचित हूं। यहां तक पहुंचने के लिए पिछले कुछ वर्षों में काफी मेहनत करनी पड़ी है। मैं शूट-ऑफ को लेकर थोड़ा निराश हूं, लेकिन कुल मिलाकर, यह बहुत संतोषजनक रहा है। उनके अलावा, भारत के लिए ओलंपिक कोटा पाने वाले अन्य शॉटगन निशानेबाज हैं: भवनीश मेंदीरत्ता (पुरुष ट्रैप), राजेश्वरी कुमारी (महिला ट्रैप), रायजा ढिल्लन (महिला स्कीट) और अनंतजीत सिंह नरूका (पुरुष स्कीट)। यह तय करना राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) पर निर्भर है कि मल्टी-स्पोर्ट मार्की इवेंट में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए कौन जाता है और कोटा वाले लोगों को हमेशा उच्चतम स्तर पर तिरंगे का प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिल सकता है। माहेश्वरी के कोटे का मतलब यह भी है कि भारत पेरिस में महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में दो निशानेबाजों को उतार सकता है। क्वालीफायर में, माहेश्वरी ने 121 अंकों का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और चौथे स्थान पर रहकर छह-व्यक्ति फाइनल में जगह बनाई। गनेमत सेखों, 115 के साथ 24वें और अरीबा खान, 111 के साथ 47वें, दोनों अंतिम दौर के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहे। पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में, तीन भारतीय निशानेबाजों में से कोई भी क्वालीफायर से आगे नहीं बढ़ पाया। टोक्यो ओलंपियन मैराज अहमद 75वें स्थान के साथ क्वालीफायर के दौरान सर्वश्रेष्ठ भारतीय थे और पूर्व एशियाई चैंपियन अंगदवीर सिंह बाजवा 77वें स्थान पर थे जबकि शीराज शेख 79वें स्थान पर रहे।

# मोहम्मद कैफ ने आरसीबी की जीत के बाद विराट कोहली की सराहना

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी मोहम्मद कैफ ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली की प्रशंसा की और विल जैक के साथ उनके ब्लिट्ज के बाद गुजरात टाइटन्स को चकित करने के बाद उनके स्ट्राइक रेट पर हालिया आलोचना को कम किया। रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में। मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में, विराट कोहली ने लगातार सातवीं बार 500 रन पूरे किए और आरसीबी 9 विकेट से जीत के साथ विजयी हुई। कोहली ने अपनी तेज-तर्रार 70* रनों की पारी के साथ आरसीबी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने स्ट्राइक रेट को लेकर हाल ही में हुई बहस को खारिज कर दिया। कैफ ने अनुभवी स्टार की प्रशंसा की और टी20 विश्व कप के पिछले संस्करण में पाकिस्तान के खिलाफ भारत के संघर्ष के दौरान हारिस राउफ के ओवर में लगाए गए छक्के को याद करते हुए कोहली के महत्व को बताया। श्विराट कोहली ने एक बार फिर दिखाया कि टी20 क्रिकेट सिर्फ स्ट्राइक रेट के बारे में नहीं है। विश्व टी20 में खचाखच भरे एमसीजी में हारिस राउफ को 6 रन पर मारने और खेल खत्म करने के लिए आपको स्ट्राइक रेट (एसआर) की नहीं बल्कि शेर का जिगर की जरूरत है। कोहली भी उसी मोड में हैं। इस आईपीएल में, कैफ ने एक्स पर लिखा। खेल के दौरान, 'चेज मास्टर' विराट कोहली ने जीटी के खिलाफ आरसीबी के संघर्ष के दौरान एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। 44 गेंदों में 159.09 की जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 70 रनों की अपनी नाबाद पारी में, कोहली ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 24 अर्धशतक पूरे किए,



# भारत ने पहले महिला टी-20 मैच में बांग्लादेश को 44 रन से हराया

**सिलहट।** रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की पेस जोड़ी ने पांच विकेट साझा किए, जिससे भारत ने रविवार को यहां शुरूआती महिला टी20ई में बांग्लादेश को 44 रन से हराकर शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया।पहले बल्लेबाजी करने उतरी कप्तान हरमनप्रीत कौर और यास्तिका भाटिया ने मध्यक्रम में मजबूती प्रदान की, लेकिन भारत अंतिम क्षणों में अच्छा प्रदर्शन करने से चूक गया और सात विकेट पर 145 रन ही बना सका।मेजबान टीम ने लक्ष्य का पीछा करने की अपनी संभावनाओं की कल्पना की होगी, लेकिन रेनुका के नेतृत्व में भारतीय गेंदबाजों ने बांग्लादेश को 8 विकेट पर 101 रन पर सीमित कर दिया।कप्तान निगार सुल्ताना ने 48 में से 51 रन बनाकर अकेले संघर्ष किया लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई समर्थन नहीं मिला।भारत के लिए, रेनुका गेंदबाजी इकाई की अगुआ थीं, उन्होंने 5वें ओवर में शोभना मोस्टरी (6) को क्लीन बोल्ड करने से पहले अपनी तीसरी गेंद पर दिलारा एक्टर (4) को आउट किया।



# 29 अप्रैल 2024 का राशिफल

**मेष राशि:-** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है. आज आपको कार्यक्षेत्र में पुराने कार्य को पूरा करने जाना पड़ सकता है. कार्य के प्रति ईमानदारी देखकर उच्च अधिकारियों से प्रशंसा प्राप्त होगी. जीवनसाथी से किसी बात को लेकर बहस बाजी में पड़ सकते हैं.

**वृष राशि:-** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा. आज आपकी सरकारी कामों में लोकप्रियता बढ़ सकती है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा. वैवाहिक जीवन में अनुकूलता बनी रहेगी. यात्रा और मनोरंजन के लिए आज का दिन अच्छा है.

**मिथुन राशि:-** आज कार्यक्षेत्र में मन नहीं लगने से परेशानी उठानी पड़ सकती है. व्यापार में समस्याएं होगी. किसी खास मित्र से अनबन हो सकती है. आप किसी नई योजना में धन लगा सकते है. आप किसी बड़े निवेश की तैयारी कर सकते हैं, जो आपके लिए बेहतर होगा.

**कर्क राशि:-** आज का दिन आपके लिए लेन-देन के मामले में कुछ समस्याएं लेकर आने वाला है. आपको अपने करीबियों से मुलाकात हो सकती है. धन का व्यय होगा. आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी. वाहन की खरीदने का योग है. वैवाहिक जीवन में अनुकूलता रहेगी.

**सिंह राशि:-** आज का दिन आपको कार्यक्षेत्र में थोड़ा तनाव बनेगा. व्यापार का निर्माण करने के बारे में विचार करें. आज धन का आंशिक लाभ मिलेगा. कार्यक्षेत्र अधिकारियों को आपका पूरा सहयोग मिलेगा.

**कन्या राशि:-** आज आप कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने में कामयाब रहेंगे. आपका लोगों के प्रति विश्वास और गहरा होगा. विदेशों से व्यापार कर रहें लोगों को आज कुछ करने का मौका मिलेगा. घर व बाहर आप अपने कामों में तालमेल बनाकर रखे.

**तुला राशि:-** आज आपको शीघ्रता व भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचने के लिए रहेगा. धर्म कर्म के कार्य से आपको जुड़ने का मौका मिलेगा. कार्यक्षेत्र में अपने काम पर आज ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है. आपकी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकता है.

**वृश्चिक राशि:-** आज आप अपने काम पर फोकस बनाएं रखें, तभी वह पूरे हो सकेंगे. आप अपने रुके हुए कामों को भी पूरा करने की सुध बुध लेंगे. किसी भी कार्य को करने से पहले उसके बारे में विचार कर ले. व्यापार में किसी बाहरी व्यक्ति पर भरोसा कर पैसों का लेन-देन न करें.

**धनु राशि:-** कार्यक्षेत्र में आज आपको अपने क्रोध पर संयम रखकर कार्य करना होगा. आपका क्रोध आपको बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है. व्यापार से संबंधित यात्रा करनी पड़ सकती है. यात्रा के दौरान दस्तावेजों को लेकर कोई बात न फंसे, इस बात का ख्याल रखें.

**मकर राशि:-** आज कार्यक्षेत्र में प्रतियोगिता जैसी स्थिति के कारण आपके मन में शुरूआत में भय और आशंका रहेगी, लेकिन अंत में आप सफल होंगे. आज जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर रहेंगे और आप एक दूसरे को प्रसन्न रखने की हर संभव कोशिश करेंगे.

**कुंभ राशि:-** आज कार्यक्षेत्र में आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी. व्यापार में लाभ प्राप्त होगा. व्यापार में वृद्धि को देखते हुए उसके विस्तार के बारे में विचार करेंगे. रिश्तेदारों से मिलेंगे. जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे.

**मीन राशि:-** आज का दिन आपके लिए उत्तम फलदायक रहेगा. आज का दिन आपके मन के मुताबिक परिणाम देने वाला है. आप धार्मिक व सामाजिक कार्यो में हिस्सा लेंगे. दांपत्य जीवन में निकटता बनी रहेगी, लेकिन आपको व्यर्थ के झगड़े व झंझटों से बचना होगा, नहीं तो परेशानीयों का सामना करना पड़ेगा. जीवनसाथी की ओर से सहयोग प्राप्त होगा.

# खण्डेलवाल क्लब के विनोद अध्यक्ष और संजीव बने सचिव

## खंडेलवाल सेवा सदन शाहगंज में हुआ 22 वां अधिष्ठापन समारोह

एनएनआई



**आगरा।** खण्डेलवाल क्लब का 22वां अधिष्ठापन समारोह खण्डेलवाल सेवा सदन शाहगंज में हुआ। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक पुरुषोत्तम खण्डेलवाल, संरक्षक रमेशचन्द्र खण्डेलवाल, प्रमोद खण्डेलवाल, राजकुमार भगत, प्यारेलाल खण्डेलवाल और भगवान खण्डेलवाल ने गणेशजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में नवीन सत्र 2024-26 के अध्यक्ष विनोद खण्डेलवाल, सचिव संजीव खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष अनुज खण्डेलवाल और उपाध्यक्ष अजय खण्डेलवाल को पद की शपथ चुनाव अधिकारी एडवोकेट श्याम मोहन गुप्ता ने दिलाई। 18 नये सदस्यों को कार्यकारिणी में शामिल कराया गया।

पूर्व सचिव धीरज खण्डेलवाल ने क्लब के नवीन पदाधिकारियों का परिचय दिया। इस मौके पर संयुक्त सचिव संजय खण्डेलवाल, अंकेक्षक केके भगत, प्रचार मंत्री राजकुमार खण्डेलवाल, प्रदीप भगत, कालू राम खण्डेलवाल, मुकेश खण्डेलवाल, नीरज खण्डेलवाल आदि मौजूद रहे। संचालन पूर्व अध्यक्ष राजकिशोर खण्डेलवाल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन राजीव खण्डेलवाल ने दिया।




# हवाओं में उसकी महक आ रही है..

- श्री श्याम स्मृति वर्तिका ट्रस्ट ने यूथ हॉस्टल में मनाया वार्षिक साहित्य-समारोह
- पूर्व जेलर स्व. श्याम लाल वर्मा का किया स्मरण, दो पुस्तकों का हुआ विमोचन



एनएनआई

**आगरा।** भले झर गया हो सुमन डाल से पर, हवाओं में उसकी महक आ रही है। भले मिल गई ज्योति में ज्योति जाकर, उजालों में उसकी चमक आ रही है...। वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती रमा वर्मा 'श्याम' ने यूथ हॉस्टल में इन काव्य-पंक्तियों द्वारा जब अपने पति पूर्व जेलर स्व. श्यामलाल वर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी तो सभागार इन भाव-तरंगों में डूब गया। मौका था श्री श्याम स्मृति वर्तिका ट्रस्ट के वार्षिक साहित्य-समारोह का। वर्ष 2010 से निरंतर चल रही श्रद्धांजलि की इस श्रृंखला में स्वजनों और स्नेहीजनों संग कवि-साहित्यकारों ने भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस बार श्याम स्मृति सम्मान रुद्रपुर के युवा कवि विवेक बादल को दिया गया। उनकी अनुपस्थिति में उनके मित्र नवीन ने यह सम्मान ग्रहण किया। इस दौरान श्रीमती रमा वर्मा 'श्याम' के गीत संग्रह 'समय के साक्षी' और बाल कविता संग्रह 'अ आ इ ई की फुहार' का विमोचन भी किया गया। मुख्य अतिथि मुरैना के गीतकार डॉ. देवेंद्र तोमर और साहित्यकार डॉ. सुषमा सिंह ने 'समय के साक्षी' और यशोधरा यादव 'यशो' ने 'अ आ इ ई की फुहार' की समीक्षा कर रमा जी की रचना धर्मिता को सराहा। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राजेंद्र मिलन, श्रीमती शांति नागर, शीलेंद्र वशिष्ठ, डॉ. कुसुम चतुर्वेदी और कमला सैनी ने आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व कवयित्री और गायिका श्रीमती निशि राज ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। डॉ. रमा रश्मि ने पूर्व जेलर स्व. श्याम लाल वर्मा के सेवाभावी व्यक्तित्व और कृतित्व को प्रस्तुत किया। इस मौके पर किरन शर्मा, डॉ. भावना, राज फौजदार, रेखा कक्कड़, डॉ. शेषपाल सिंह शेष, विजया तिवारी, रामेंद्र शर्मा, ज्योत्स्ना सिंह, इंदल सिंह इंदु, आभा चतुर्वेदी, पदम गौतम, रेखा गौतम, कामेश सनसनी और विनय बंसल ने काव्यांजलि से सबको भाव विभोर किया। संचालन अशोक अश्रु ने और आभार गौरव गुंजन ने व्यक्त किया।

